# डूसू में चुनाव संपन्न, 24 को आएंगे नतीजे

● एबीवीपी और एनएसयूआई के बीच सीधी टक्कर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव के लिए मतदान कड़ी सुरक्षा के बीच संपन्न हो गया है। डूसू चुनाव में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव और संयुक्त सचिव पदों के लिए 24 प्रत्याशी मैदान में हैं, जिनकी किस्मत का फैसला शुक्रवार को ईवीएम में कैद हो गया। मतदान के दौरान किसी प्रकार की बड़बड़ी न हो इसके लिए सुरक्षाकमियों ने ड्रोन की मदद से निगरानी की। शनिवार को होने वाली मतगणना में साफ हो जाएगा की डूसू का ताज किसके सिर सजेगा।



दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्र संघ चुनाव में वोट डालने के लिए कतार में खड़ी छात्राएं अपना पहचान पत्र दिखाती हुई। फोटोः रंजन डिमरी

दिल्ली विश्वविद्यालय का नॉर्थ कैंपस शुक्रवार को पूरी तरह छात्र संघ चुनाव के रंगों में रंगा नजर आया। मतदान को लेकर छात्रों में जबरदस्त उत्साह देखा गया। सुबह से ही काफी संख्या में छात्र मतदान केंद्रों पर पहुंचे। कई स्थानों पर पहली बार मतदान करने आए छात्रों को गुलाब का फूल भेंट किया गया। कहीं सुरक्षाकर्मी ड्रोन से निगरानी करते नजर आए, तो कहीं तपती गर्मी में मतदान के लिए आए छात्रों को ठंडा पानी पिलाने की व्यवस्था की गई थी। इतना ही नहीं, चाय ठेले और कैंटीन उम्मीदवारों के नाम तथा फोटो वाले पोस्टर से अटे पड़े हैं।

डूसू के चुनावी में मैदान में उतरे छात्र संगठनों के समर्थक अपने चुनावी वादों को दोहराते हुए कैंपस के चौराहे पर नारे लगाते हुए देखे गए।



मतदान करतीं छात्राएं।

तीन साल के अंतराल के बाद हो रहे डूसू चुनाव में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव एवं संयुक्त सचिव पदों के लिए 24 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। दिन की पाली के छात्रों के लिए मतदान का समय अपराह्न एक बजे तक था, जबकि शाम की पाली के छात्र अपराह्न तीन बजे से शाम साढ़े सात बजे तक मतदान किया। लगभग एक लाख छात्र इस चुनाव में मतदान के लिए पात्र हैं। इन चुनावों को उभरते राजनीतिक नेताओं के लिए महत्वपूर्ण कदम माना जाता है। यह चुनाव छात्रों के सरोकारों को आगे लाने और आगामी शैक्षिणक सत्र के लिए विश्वविद्यालय परिसर की दिशा को आकार देने के लिए महत्वपूर्ण मंच के रूप में काम करता है।

रतन टाटा पुस्तकालय और जेपी चाय के ठेला चुनाव की चर्चा के केंद्र बना। यहां तक की रिक्शावाले और ऑटोरिक्शा चालक भी छात्र संघ के चुनाव को लेकर चर्चा करते देखे गए। कैंपस में प्रथम वर्ष के कई छात्रों ने इस पूरे दृश्य को वीडियो में रिकॉर्ड किया और मतदान के बाद सेल्फी ली। चुनाव को लेकर डीयू के नॉर्थ कैंपस में लगभग 500 सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया था। इसी तरह के प्रबंध साउथ कैंपस में भी किए गए थे। पुलिस ने बताया कि कॉलेजों में सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए 10 से अधिक पुलिस थाने के प्रभारियों को तैनात किया गया था जबकि 25 पुलिस मोटरसाइकिल लगातार इलाके में गश्त के लिए तैनात किए गए थे। डूसू चुनाव इससे पहले 2019 में हुए थे। कोविड-19 महामारी के कारण 2020 और 2021 में चुनाव नहीं कराए जा सके थे, जबकि शैक्षणिक कैलेंडर में संभावित व्यवधानों के कारण 2022 में इसका आयोजन नहीं हो सका। मतगणना शनिवार को होगी।

## कुलपति ने किया मतदान केंद्रों का दौरा



*दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव के लिए जारी मतदान के दौरान विश्वविद्यालय के कुलपति एवं डूसू के संरक्षक प्रो. योगेश सिंह ने मतदान केन्द्रों का औचक दौरा किया। इस दौरान उन्होंने मतदान केन्द्रों की व्यवस्था का जायजा भी लिया। कुलपति ने मतदान अधिकारियों से मतदान की स्थिति की जानकारी ली और सुरक्षा व्यवस्था का भी जायजा लिया। उन्होंने विवि के हंसराज कॉलेज तथा हिन्दू कॉलेज में मतदान केन्द्रों पर पहुँच कर छात्रों से बातचीत भी की। इस अवसर पर उनके साथ कुलसचिव डॉ. विकास गुप्ता और मुख्य चुनाव अधिकारी प्रो. चंद्रशेखर भी उपस्थित रहे।*

# प्रधानमंत्री मोदी ने जी-20 में योगदान देने वाले कर्मचारियों से किया संवाद

● भारत मंडपम में आयोजित कार्यक्रम में आयोजन की सफलता का दिया श्रेय

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को जी-20 शिखर सम्मेलन में योगदान देने वाले कर्मचारियों से संवाद किया और इस वैश्विक आयोजन की सफलता का उन्हें श्रेय दिया।

भारत की अध्यक्षता में यहां भारत मंडपम में 9 और 10 सितंबर को जी-20 शिखर सम्मेलन का आयोजन किया गया था। प्रधानमंत्री ने भारत मंडपम में आयोजित एक कार्यकम को संबोधित करते हुए कहा, जी-20 का इतना बड़ा और सफल आयोजन हुआ, जिसके लिए हर तरफ से तारीफ ही तारीफ आ रही है। इसके पीछे आप सभी हैं। जी-20 शिखर सम्मेलन की सफलता सुनिश्चित करने को लेकर अहम योगदान देने वाले लगभग 3,000 लोगों ने इस संवाद कार्यक्रम में भाग लिया। प्रधानमंत्री ने उन्हें सुझाव दिया कि वे अपने अनुभवों को शब्दों में बयां करें, ताकि भविष्य में होने वाले आयोजनों के लिए दिशानिर्देश बनाए जा सकें। मोदी ने कहा, मेरा आपसे अनुरोध है कि अनुभवों का दस्तावेजीकरण किया जाए। यह भविष्य के आयोजनों के लिए दिशानिर्देश बनाने के काम आएगा। संवाद के बाद रात्रि भोज का आयोजन भी होगा। प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा है कि इस संवाद कार्यक्रम में विशेषतौर पर वे लोग शामिल हुए हैं, जिन्होंने शिखर सम्मेलन का सुचारु संचालन सुनिश्चित करने के लिए जमीनी स्तर पर काम किया है।

# यमुना नदी के तट पर बनाया म्यूजिकल फाउंटेन

● उपराज्यपाल विनय सक्सेना ने किया उद्घाटन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने बांसेरा में एक म्यूजिकल फाउंटेन का उद्घाटन किया, जो यमुना नदी के तट पर बनाई गई अपनी तरह की अनूठी सार्वजनिक मनोरंजन सुविधा है।

बांसेरा में बनाए गए तीन जलाशयों में से एक में म्यूजिकल फाउंटेन स्थापित किया गया है, जो बैम्बू-थीम वाले पार्क के सौंदर्य को बढ़ाएगा और दिल्ली के लोगों को राष्ट्रीय राजधानी के केंद्र में एक नई आरामदायक और मनोरंजनात्मक सुविधा प्रदान करेगा। इस अवसर पर मुख्य सचिवनरेश कुमार और डीडीए के उपाध्यक्ष श्री सुभासीष पंडा भी उपस्थित थे। शुरुआत में, दो म्यूजिकल फाउंटेन शो - शाम 7:30 बजे और रात 8:30 बजे नाममात्र के शुल्क का भुगतान करने पर प्रत्येक सप्ताह मंगलवार से रविवार तक आयोजित किए जाएंगे। माता-पिता/शिक्षकों के साथ 10 वर्ष तक के बच्चों और स्कूली बच्चों के लिए प्रवेश नि:शुल्क होगा। इस अवसर पर उपराज्यपाल ने कहा कि दिल्ली को मनोरंजन और आराम के लिए ऐसे बहुत से स्थान की आवश्यकता है बसेरा दिल्ली विकास प्राधिकरण द्वारा विकसित किया गया ऐसा ही एक स्थान है और बहुत सी परियोजनाएं क्रम में है।

डीएमआरसी द्वारा अपने सीएसआर कार्यक्रम के तहत वित्त पोषित और स्थापित किया गया यह फाउंटेन 90 मीटर लंबी ग्रिड आकार की डिजिटल रूप से रंग बदलने वाली एलईडी लाइटों से सुसज्जित है।

## सार्वजनिक सुविधाओं के लिए एलजी ने भूमि आंवटन को मंजूरी

**नई दिल्ली।** उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना की पहल से विकास परियोजनाओं के बाधा मुक्त कार्यान्वयन के उद्देश्य से विभिन्न सरकारी विभागों, एजेंसियों के बीच किए गए प्रयासों के उत्साहजनक परिणाम मिलने शुरू हो गए हैं।

विभिन्न क्षेत्रों में लंबे समय से लंबित सीवेज पंपिंग स्टेशन, पावर ग्रिड समेत अन्य सुविधाओं के निर्माण हेतु किए गए नए भूमि के आवंटन में यह बात नजर आती है। बादली में सीवेज स्टेशन के निर्माण के लिए जल बोर्ड को भलस्वा में 3360 वर्ग मीटर भूमि और नवादा गांव में 66 केवी ग्रिड एनर्जी स्टोरेज शामिल है।

# छवि धूमिल करने के लिए मेरा नाम घसीटा : हर्षवर्धन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी के सांसद हर्षवर्धन ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि लोकसभा में उनकी पार्टी के सहयोगी रमेश बिधूड़ी द्वारा की गई कुछ आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर हुए विवाद में निहित राजनीतिक स्वार्थ के लिए कुछ लोगों ने बेवजह उनका नाम घसीटा है।

हर्षवर्धन ने सोशल मीडिया मंच एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा, हालांकि मैं निस्संदेह एक-दूसरे पर की जा रही टिप्पणी का गवाह था (जो वास्तव में पूरा सदन ही था), सच बात तो यह है कि उस शोर-शराबे में मैं स्पष्ट रूप से कुछ भी समझ नहीं पा रहा था। हर्षवर्धन का स्पष्टीकरण चंद्रयान-3 मिशन की सफलता पर लोकसभा में चर्चा के दौरान बिधूड़ी द्वारा बसपा के सदस्य कुंवर दानिश अली पर निशाना साधते हुए कुछ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के एक दिन बाद आया है।

घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद हर्षवर्धन निशाने पर आ गए। वीडियो क्लिप में बिधूड़ी को कुछ आपत्तिजनक टिप्पणी करते हुए सुना जा सकता है।

## सुपरटेक के मालिक की याचिका कोर्ट में खारिज

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने धनशोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा की गई गिरफ्तारी के खिलाफ रियल एस्टेट कंपनी सुपरटेक के मालिक आरके अरोड़ा की याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी।

न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा ने इस बात का संज्ञान लिया कि ईडी ने अरोड़ा को गिरफ्तार किया गया था। अदालत ने इसके साथ ही सुपरटेक प्रमुख के उस दावे को खारिज कर दिया कि उन्हें गिरफ्तारी का आधार बताए बिना 27 जून को मनमाने ढंग से और अवैध रूप से गिरफ्तार किया गया था। अदालत ने अपने आदेश में कहा, वर्तमान मामले में, गिरफ्तारी का आधार विधिवत दिया गया था और सूचित भी किया गया था।

## विवाहिता लिव-इन पार्टनर पर दुष्कर्म का आरोप नहीं लगा सकती : कोर्ट

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

उच्च न्यायालय ने विवाहित पुरुष पर उसकी लिव-इन पार्टनर (विवाह के बिना साथ रहने वाला व्यक्ति) द्वारा लगाए गए बलात्कार के आरोपों को खारिज करते हुए कहा है कि पहले ही किसी से विवाह बंधन में बंध चुकी महिला यह दावा नहीं कर सकती कि किसी अन्य व्यक्ति ने शादी का झूठा वादा कर यौन संबंध बनाए।

न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने बृहस्पतिवार को जारी एक आदेश में कहा कि इस मामले में दो ऐसे व्यक्ति शामिल हैं जो एक-दूसरे से कानूनी रूप से विवाह करने के अयोग्य हैं, लेकिन वे लिव-इन संबंध समझौते के तहत एक साथ रह रहे थे। उन्होंने कहा कि भारतीय दंड संहिता की धारा 376 (बलात्कार के लिए सजा) के तहत उपलब्ध सुरक्षा और अन्य उपायों का लाभ इस प्रकार की पीड़ित को नहीं मिल सकता।

न्यायमूर्ति शर्मा ने कहा कि किसी अन्य के साथ विवाह बंधन में बंधे दो वयस्कों का सहमति से लिव-इन संबंध में रहना अपराध नहीं है लेकिन (ऐस मामलों में) पुरुषों और महिलाओं दोनों को इस प्रकार के संबंधों के परिणाम के प्रति सचेत होना चाहिए अदालत ने कहा, प्रतिवादी स्वयं कानूनी रूप से तलाकशुदा नहीं थी और उसने अभी तक तलाक नहीं लिया है।

# त्योहार में अब रात 12 बजे तक बजेंगे लाउडस्पीकर

● दुर्गा पूजा, दशहरा और रामलीला के मद्देनजर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दी विशेष छूट



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

त्यौहार सीजन को देखते हुए रात के समय ध्वनि प्रदूषण के मानकों में थोड़ी छूट दी गई है। राजधानी में रामलीला, दुर्गा पूजा और दशहरा पर्व के मद्देनजर होने वाले धार्मिक आयोजनों को भव्य और सुविधाजनक बनाने के लिए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल रात 12 बजे लाउड स्पीकर का इस्तेमाल करने को मंजूरी दे दी है। लेकिन आयोजकों को पुलिस से लाउडस्पीकर के इस्तेमाल के दौरान आवासीय क्षेत्रों के लिए तय ध्वनि मानकों का उल्लंघन नहीं करने की अनुमति लेनी होगी।

दिल्ली में रात दस बजे के बाद लाउड स्पीकर व पब्लिक एड्रेस सिस्टम के इस्तेमाल पर पाबंदी है। यह अनुमति 15 से 24 अक्टूबर तक प्रभावी रहेगी। इस दौरान आयोजकों को ध्वनि प्रदूषण नियमों का कड़ाई से पालन करना होगा।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से लवकुश रामलीला कमेटी समेत अन्य आयोजकों ने लाउस्पीकर के इस्तेमाल की समयावधि बढ़ाने का अनुरोध किया था। केजरीवाल ने तत्काल इसे गंभीरता से लिया और रात 12 बजे तक लाउडस्पीकर के इस्तेमाल की अनुमति दे दी। अब रामलीला, दुर्गा पूजा और दशहरा के आयोजक भव्य तरीके से आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में आधी रात तक लाउडस्पीकर का इस्तेमाल कर सकेंगे। हालांकि धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजकों को दिल्ली पुलिस से इस शर्त के साथ अनुमति लेनी होगी कि वे लाउडस्पीकर के इस्तेमाल के दौरान आवासीय क्षेत्रों के लिए तय ध्वनि मानकों का उल्लंघन नहीं करेंगे। सीएम की मंजूरी के बाद अब इसकी फाइल एलजी वीके सक्सेना के पास भेजी गई है। दरअसल, 15 अक्टूबर से रामलीला मंचन शुरू होगा जो 24 अक्टूबर तक चलेगा। हर साल दिल्ली के कई इलाकों में बड़ी धूमधाम के साथ भव्य रामलीला का मंचन किया जाता है। साथ ही, दुर्गा पूजा का भी बड़े स्तर पर आयोजन किया जाता है। देर रात तक होने वाले रामलीला मंचन के दौरान लाउडस्पीकर का भी इस्तेमाल किया जाएगा। वहीं, डीडीएमए द्वारा पूर्व में जारी आदेश के अनुसार, दिल्ली में लाउडस्पीकर के इस्तेमाल की रात 10 बजे तक की ही अनुमति है। जबकि अधिकतर जगहों पर रामलीला का मंचन रात 12 बजे तक किया जाता है।

## दिल्ली में होती हैं 650 रामलीलाएं



**सीटीआई चेयरमैन बृजेश गोयल नेकहा कि मुख्यमंत्री हर वर्ष रामलीला और दशहरे पर शामिल होते हैं। इस वर्ष भी शामिल होंगे। दिल्ली में छोटी-बड़ी मिलाकर लगभग 650 रामलीलाएं होती हैं।**


## यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

YEIDA FUTURE IS HERE

प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, सैक्टर-ओमेगा-1 (पी-2), ग्रेटर नौएडा, जनपद गौतमबुद्धनगर-201308 (उ0प्र0)
Toll Free No. 18001808296 वेबसाइटः www.yamunaexpresswayauthority.com

पत्रांक : वाई0ई0ए0/GM(P)/2023/818 दिनांक : 22/09/2023

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्र सरकार/राज्य सरकार/केन्द्र शासित/अर्द्धशासिक/सार्वजनिक उपकमों के कार्यो का कम से कम चार वर्ष का अनुभव रखने वाले ठेकेदारों/फर्मो से ई-निविदायें आमन्त्रित की जातीहै। ई-प्रीक्योरमेंट सोल्यूशन द्वारा निविदायें द्विस्तरीय पद्धति से खोली जायेंगी।

कार्यालय आदेश संख्या : वाई.ई.ए./GM(P)/2023/817 दिनांक 22.09.2023 के अनुपालन में यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण की कार्यों में संविदाकार द्वारा बिल ऑफ क्वान्टिटी (बी0ओ0क्यू0) पर डाले गये 10 प्रतिशत कम दरों तक 0.5 प्रतिशत प्रति एक प्रतिशत कम दर पर तथा उसके पश्चात 10 प्रतिशत से अधिक कम दरों पर 1.00 प्रतिशत प्रति एक प्रतिशत कम दर पर सिक्योरिटी/परफॉर्मेन्स गारन्टी प्राप्त की जायेगी तथा पर फॉर्मेन्स गारन्टी एफ0डी0आर0/सी0डी0आर0/बैंक गारन्टी/एन0एस0सी0 के रूप में न्यूनतम संविदाकार द्वारा अनुबन्ध गठन से पूर्व देनी होगी, जो कार्य के अन्तिम बीजक होने के बाद वापिस होगी।

| क्रम सं0 | कार्य का नाम/वर्क सर्किल | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 1 | Repairing of Kerb Stone & painting of 60mtr wide road ch.7.10 to 22.300km along Yamuna Expressway, yea Wc-01 | रु0 39.80 लाख |
| 2 | Construction of Balance Boundary wall of primary School in Viiage Bagmabad yea Wc-06 | रु0 03.30 लाख |
| 3 | Construction of Classrom Varandah Toilet and Pathways of Primary School in Village – Wailana yea Wc-06 | रु0 13.61 लाख |
| 4 | Pond Rejuvention in Village- Dankaur yea Wc-06 | रु0 13.34 लाख |
| 5 | R.C.C pipe Drain Laying work pond 01 to 02 & 03 Drain in Village- Ahmadpur Choroli yea Wc-06 | रु0 79.80 लाख |
| 6 | C/o Boundary wall of parks near plot No – 304 & 139 Pocket 3D Sector-18 yea Wc- Horti | रु0 89.98 लाख |
| 7 | C/o Boundary wall of parks near plot No – 307 & 105 Pocket 3A Sector-18 yea Wc- Horti | रु0 92.85 लाख |
| 8 | Maintenance & Repair work of 30mtr and 45mtr wide road in Sector – 22D yea Wc- 02 | रु0 22.54 लाख |
| 9 | P/o Trees shrubs and lawn including barbed wire fancing of 50mtr wide green belt & 30mtr road central verge parallel to expressway infront of ATS Allure society Sec-22D with two year maintenance for yea. Wc- Horti | रु0 60.56 लाख |
| जिन्हें दिनांक 05.10.2023 से 16.10.2023 को 5:00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई-निविदाओं की प्री-क्वालीफिकेशन दिनांक 17.10.2023 को प्रातः 11.00 बजे खोली जायेगी। | | |
| 10 | Jungle Cleaning work at Moto GP Parking No-2 in Sector -17A & P& F direction board in different Locatin in yeida Wc-06 | रु0 08.16 लाख |
| 11 | Providing and laying Retro reflective thermoplastic Paint at 60mtr wide road from ch.7.10Km to 12.500Km yea Wc-01 | रु0 33.70 लाख |
| 12 | Jungle Cleaning work at Moto GP Parking No-1 & Barricading work in Sector-17A yea Wc-01 | रु0 07.79 लाख |
| 13 | Providing & Fixing Stone (Repair & New work ) road (Ch.10.65Km to 12.87km) along Yamuna Expressway yea Wc-03 | रु0 07.10 लाख |
| 14 | Jungle Cleaning work of hollage roade for All gate entry & Garbage Cleaning work at 60.0mtr wide road yea Wc-01 | रु0 05.33 लाख |
| 15 | Laevlling & Dressing of Moto plot parking No- 1 & 2 in Sector yea Wc-01 | रु0 08.51 लाख |
| 16 | Road marking at 30.00mtr wide road (ch.14.35km to 16.10km ) along Yamuna Expressway yea Wc-03 | रु0 06.37 लाख |
| जिन्हें दिनांक 06.10.2023 से 12.10.2023 को 5:00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई-निविदाओं की प्री-क्वालीफिकेशन दिनांक 13.10.2023 को प्रातः 11.00 बजे खोली जायेगी। | | |
| 17 | Road Marking at 30.00mtr wide road (ch.16.10km to 17.45km) along Yamuna Expressway yea Wc-03 | रु0 04.91 लाख |
| 18 | Providing & Fixing Kerd Stone (Repair & New work ) road ( ch.12.87 km to 17.45km ) along Yamuna Expressway yea Wc-03 | रु0 08.24 लाख |
| 19 | Kerb Stone painting and maintence of 30mtr wide road Ch.7.10km to 10.30km along Yamuna Expressway yea Wc-04 | रु0 12.34 लाख |
| 20 | Bituminious work (BC) on 30mtr wide road (Under Eastern peripheral) along Yamuna Expressway yea Wc-04 | रु0 07.65 लाख |
| 21 | Providing & Fixing and Repairing kerb stone and maintenance of patri of 30mtr wide road ch.7.10km to 10.30km along Yamuna Expressway yea Wc-04 | रु0 08.07 लाख |
| 22 | Road Marking at 30.00mtr wide road ( ch.12.55km to 14.30km ) along Yamuna Expressway yea Wc-03 | रु0 06.55 लाख |
| 23 | Patch repair of 30.00mtr wide road (ch.17.00km to 17.45km) along Yamuna Expressway yea Wc-03 | रु0 16.58 लाख |
| 24 | Supply & Laying of Good Earth at 30..00mtr wide road (ch.10.65km to 17.45km) along Yamuna Expressway yea Wc-03 | रु0 07.92 लाख |
| जिन्हें दिनांक 09.10.2023 से 16.10.2023 को 5:00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई-निविदाओं की प्री-क्वालीफिकेशन दिनांक 17.10.2023 को प्रातः 11.00 बजे खोली जायेगी। | | |
| 25 | Supply of Labour JCB & Tractor at 30.00mtr wide road (Ch.10.65km to 17.45km ) along Yamuna Expressway yea Wc-03 | रु0 07.66 लाख |
| 26 | Road Marking at 30.00mtr wide road (ch.10.65km to 12.55) along Yamuna Expressway yea Wc-03 | रु0 07.64 लाख |
| 27 | Patch work at Service road (ch.10.65km to 17.45km ) along Yamuna Expressway yea Wc-03 | रु0 06.52 लाख |
| 28 | Pruning and cutting of bushes and cleaning of jungle on 30mtr road from Atta Gujran to Murshadpur near eastern peripheral road yeida Wc-Horti | रु0 10.23 लाख |
| 29 | C/o Platform for benches and fixing of Dustbin benches ornamental steel planter yea Wc-Horti | रु0 12.41 लाख |
| 30 | Painting with aluminium paint on barbed wire along 60mtr wide road central verge from ch.7.10km to 22.30km yeida Wc-Horti | रु0 10.52 लाख |
| 31 | Maintenance of landscaping of mounds at Galgotia Dankaur & Salarpur underpass for one year yea Wc-Horti | रु0 10.40 लाख |
| 32 | Providing and fixing of G.L chain Link fencing around landscaping work at different places yeida Wc-Horti | रु0 23.43 लाख |
| जिन्हें दिनांक 10.10.2023 से 17.10.2023 को 5:00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई-निविदाओं की प्री-क्वालीफिकेशन दिनांक 18.10.2023 को प्रातः 11.00 बजे खोली जायेगी। | | |

**महाप्रबन्धक (परियोजना)**

